# न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारी:– **श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्या: **231/2012** दायर दिनाँक **06.12.2012**

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

| | | पत्यर्थी |
|---|---|---|
| 1. जग्गेसिंह पुत्र बक्सुसिंह, आयु–76साल, जाति–राजपूत, निवासी–सागू बड़ी, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, हाल,निवासी–सिवाना, तहसील–सिवाना, जिला–नागौर, बाड़मेर, राजस्थान। | **बनाम** | 1. हिम्मतसिंह पुत्र बगतसिंह, 2. चतरसिंह पुत्र बगतसिंह, समस्त,जाति–राजपूत, निवासी–सागू बड़ी, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 3. तहसीलदार डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। |

## दावा बाबत् इन्द्राज दुरस्ती एवं घोषणा खातेदारी

**उपस्थित:–**

1. वादी उपस्थित।

**–:: निर्णय ::–**

दिनाँक **16.05.2018**

वाद का सरांश संक्षिप्त में है कि, वादी व प्रतिवादीगण संख्या 01 व 02 के नाम से शरहद सागू कलाँ में खेत 36 रकबा 04.06 बीघा व खसरा नम्बर 116/314 रकबा 11.04 बीघा व खसरा नम्बर 172 रकबा 20.09 बीघा तथा खसरा नम्बर 236 रकबा 18.03 बीघा कुल रकबा 54.02 बीघा अवस्थित है।

उपर्युक्त भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वक्त फौतगी नामान्तरकरण के वादी का नाम सहवन से, "जगन्नाथसिंह पुत्र बगतसिंह" दर्ज है जबकि वादी के अन्य दस्तावेजात्नुसार वादी का सही नाम "जग्गेसिंह पुत्र बक्सुसिंह" है। "जगन्नाथसिंह पुत्र बगतसिंह" नाम का कोई अन्य व्यक्ति यहाँ नहीं है।

सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

राजस्व–अपील, संख्या 231/2012
दायर दिनाँक 06.12.2012, निर्णय दिनाँक 16.05.2018
जग्गेसिंह बनाम् हिम्मतसिंह, वगैरा।

प्रार्थना वादी है कि,

शरहद सागू कलाँ में खेत 36 रकबा 04.06 बीघा व खसरा नम्बर 116/314 रकबा 11.04 बीघा व खसरा नम्बर 172 रकबा 20.09 बीघा तथा खसरा नम्बर 236 रकबा 18.03 बीघा कुल रकबा 54.02 बीघा भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वादी का नाम "जगन्नाथसिंह पुत्र बगतसिंह" के स्थान पर "जग्गेसिंह पुत्र बक्सुसिंह" दुरस्त किया जावे।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादीगण संख्या 01 व 03 के बावजूद तामिलगी के न्यायालय में अनुपस्थित रहने से उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाने का आदेश पारित किया गया।

वादी वाद के समर्थन में शपथ–पत्र व जमाबन्दी सम्वत् 2065–2068 खसरा नम्बर 36, 116/314, 172 व 236 की प्रमाणित प्रतिलिपि पेश की है।

न्याय आपके द्वार, 2018 : राजस्व कोर्ट कैम्प–केराप में पत्रावली पेश हुई। वादी उपस्थित। वादी ने वाद को डिक्री किया जाने का निवेदन किया। वाद के सम्बन्ध में, मजमे आम में जानकारी ली गयी। जानकारी में सामने आया कि, वादी "जग्गेसिंह पुत्र बगतसिंह उर्फ बक्सुसिंह" वही व्यक्ति है जो कि वाद वर्णित राजस्व रिकॉर्ड में "जगन्नाथसिंह पुत्र बगतसिंह" दर्ज है। पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया। तत्सम्बन्धी विधि का अध्ययन् किया।

बाद उपर्युक्त प्राप्त जानकारी व पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड तथा वादी द्वारा पेश दस्तावेजात् के परिप्रेक्ष्य में वादी का राजस्व रिकॉर्ड में वर्तमान में दर्ज नाम "जगन्नाथसिंह पुत्र बगतसिंह" के स्थान पर

सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

राजस्व–अपील, संख्या 231/2012
दायर दिनाँक 06.12.2012, निर्णय दिनाँक 16.05.2018
जग्गेसिंह बनाम् हिम्मतसिंह, वगैरा।

"जग्गेसिंह पुत्र बगतसिंह उर्फ बक्सुसिंह " दुरस्त किया जाना न्यायालय के मत में न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः बाद विवेचन, वादी स्वीकार किया जाकर, डिक्री सादिर किया जाता है।

**–:: आदेश ::–**

हस्तगत वाद शरहद ग्राम सागूकलाँ पटवार हल्का केराप में खसरा नम्बर 36 रकबा 04.06 बीघा, खसरा नम्बर 116/314 रकबा 11.04 बीघा, खसरा नम्बर 172 रकबा 20.09 बीघा व खसरा नम्बर 236 रकबा 18.03 बीघा, के राजस्व रिकॉर्ड में वर्तमान में दर्ज वादी का नाम "जगन्नाथसिंह पुत्र बगतसिंह" के स्थान पर "जग्गेसिंह पुत्र बगतसिंह उर्फ बक्सुसिंह" दुरस्त किया जाता है। तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर
R.A.S.
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प–केराप

निर्णय, आज दिनाँक **16.05.2018** को सरे कोर्ट कैम्प में सुनाया गया।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प–केराप

Scanned by CamScanner

डिक्री बमुकदद्में इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः– सहायक कलक्टर, डीडवाना
**–:: न्याय आपके द्वार,2018: राजस्व कोर्ट कैम्प ::–**
बइजलास : **श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः **231 / 2012** दायर दिनाँक **06.12.2012**

| | | प्रत्यर्थी |
|---|---|---|
| 1. जग्गेसिंह पुत्र बक्सुसिंह, आयु–76साल, जाति–राजपूत, निवासी–सागू बड़ी, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, हाल,निवासी–सिवाना, तहसील–सिवाना, जिला–नागौर, बाड़मेर, राजस्थान। | बनाम | 1. हिम्मतसिंह पुत्र बगतसिंह, 2. चतरसिंह पुत्र बगतसिंह, समस्त,जाति–राजपूत, निवासी–सागू बड़ी, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 3. तहसीलदार डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। |

## दावा बाबत् इन्द्राज दुरस्ती एवं घोषणा खातेदारी

दिनाँक **16.05.2018**

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई **उपस्थित पक्षकारान्** ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि,

हस्तगत वाद शरहद ग्राम सागूकलाँ पटवार हल्का केराप में खसरा नम्बर 36 रकबा 04.06 बीघा, खसरा नम्बर 116 / 314 रकबा 11. 04 बीघा, खसरा नम्बर 172 रकबा 20.09 बीघा व खसरा नम्बर 236 रकबा 18.03 बीघा, के राजस्व रिकॉर्ड में वर्तमान में दर्ज वादी का नाम "जगन्नाथसिंह पुत्र बगतसिंह" के स्थान पर "जग्गेसिंह पुत्र बगतसिंह उर्फ बक्सुसिंह" दुरस्त किया जाता है। तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–............... बाबत............. खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह.........–.........
........–.....................खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह.........–......... आज की तारीख को अदा करें। वसब्त मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज की तारीख **16.05.2018** को सरे इजलास में जारी की गयी।

**सहायक कलक्टर**
**डीडवाना**
**कोर्ट कैम्प–केराप**

Scanned by CamScanner

| मुद्दई | रूपया | पैसे | मुतायलह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | स्टाम्प | | |
| स्टाम्प | | | वकालतनामा | | |
| वकालतनामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह | — | | महनताना वकील | | |
| सबूत | — | | खर्चा गवाहान | | |
| महनताना | | | फिस कमिश्नर | | |
| वकील | | | बाबत इजराय | | |
| खर्चा गवाहान | | | हुक्मनामा | | |
| फिस कमिश्नर | | | मुतफर्रिक | | |
| बाबत इजराय | | | | | |
| हुक्मनामा | | | | | |
| मुतफर्रिक | | | | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

नोटः—इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीकेन का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प—केराप

Scanned by CamScanner

# न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

न्याय आपके द्वार,2018 : राजस्व कोर्ट कैम्प

क्रमांकः—231—2012 / रीडर / 2018 / दिनाँक 16.05.2018

प्रेषितिः—

तहसीलदार
डीडवाना।

विषयः —निर्णय की पालना करने बाबत्।

## दावा बाबत् इन्द्राज दुरस्ती एवं घोषणा खातेदारी

| | | प्रत्यर्थी |
|---|---|---|
| 1. जग्गेसिंह पुत्र बक्सुसिंह, आयु—76साल, जाति—राजपूत, निवासी—सागू बड़ी, तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान, हाल,निवासी—सिवाना, तहसील—सिवाना, जिला—नागौर, बाड़मेर, राजस्थान। | बनाम | 1. हिम्मतसिंह पुत्र बगतसिंह,<br>2. चतरसिंह पुत्र बगतसिंह, समस्त,जाति—राजपूत, निवासी—सागू बड़ी, तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान,<br>3. तहसीलदार डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान। |

उपरोक्त विषयक वर्णित प्रकरण में पारित निर्णय की छायाप्रति संलग्न पालनार्थ प्रेषित है। निर्णयानुसार पालना कर, पालना रिर्पोट भिजवायें, बशर्ते किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन व राज्यहित प्रभावित नहीं हो।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प—केराप

Scanned by CamScanner